भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2709**
**04 अगस्त, 2026 को उत्तर के लिए**

## विशेष इस्पात के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजना हेतु निधि

2709. **श्री राधाकृष्णः**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विशेष इस्पात के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अंतर्गत कंपनी-वार प्रतिबद्ध निवेश, अब तक वास्तविक रूप से प्राप्त निवेश और वितरित प्रोत्साहन राशि कितनी है;

(ख) लगातार दो वर्षों के दौरान वार्षिक वृद्धिशील उत्पादन/निवेश कम रहने के कारण चयनित नहीं होने का खतरा झेल रहे स्वीकृत आवेदकों की संख्या कितनी है;

(ग) वर्ष 2023-24 में इस योजना की शुरुआत के बाद से अब तक इसके अंतर्गत कितनी निधि आवंटित, स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई है; और

(घ) योजना के निर्धारित लक्ष्यों की तुलना में विशेष इस्पात ग्रेडों के आयात प्रतिस्थापन में अब तक कितनी प्रगति हासिल हुई है?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (घ): विशेष इस्पात के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को ₹6,322 करोड़ के वित्तीय परिव्यय के साथ अनुमोदित किया गया है। प्रतिभागी कंपनियों ने 56,106 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। दिनांक 30 जून 2026 तक, प्रतिभागी कंपनियों द्वारा लगभग 26,320 करोड़ रुपये का वास्तविक निवेश किया जा चुका है और योजना के तहत लगभग 3.7 मिलियन टन का संचयी वृद्धिशील उत्पादन और आयात प्रतिस्थापन हासिल किया गया है। पात्र कंपनियों को 235.7 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की जा चुकी है। निवेश और उत्पादन प्रतिबद्धताओं, प्रोत्साहन दावों और योजना दिशानिर्देशों के अन्य प्रावधानों के संबंध में परियोजनाओं की आवधिक समीक्षा की जाती है।

*****